# नकली मावे की बड़ी खेप पकड़ी, 1200 किलो मिलावटी मावा को नष्ट कराया

बीकानेर,(कासं)। होली के त्योहार पर मिठाई में मिलावट को लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस दौरान विभाग ने मिलावटी मावे की बड़ी खेप को पकड़ा है, जिसे फलौदी, बज्जू से पिकअप में डालकर बीकानेर पहुंचाया जा रहा था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने करीब 1200 किलो मिलावटी मावा को नष्ट करवाया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पुखराज साध ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नाल थाना इलाके में दो पिकअप को रूकवाकर तलाशी लेने पर मिलावटी मावा पकड़ा गया। इसका इस्तेमाल होली के त्योहार पर मिठाई बनाने के लिए होना था। होली के मद्देनजर मिलावटखोरों पर लगाम कसने के लिए विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसके तहत लगातार छापेमारी और कार्रवाई की जा रही है। फिलहाल इन सभी मिलावटी खाद्य पदार्थों के सैम्पल की जांच की जा रही है। जांच में अभी तक करीब 1200 किलो मावा फेल पाया गया है।

दल ने जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवाकर उसको नष्ट करवाया। उन्होंने कहा कि जिले के आसपास के गांवों से मावा की सप्लाई सबसे ज्यादा बीकानेर में होती है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पकड़ी गई गाड़ियों में कुल 405 टीन मावा था। जब्त मावे की लैब में जांच करवाने पर 25 में से 8 सैम्पल में मिलावट की पुष्टि हुई है। इसके बाद मौके पर ही 1200 किलो मिलावटी मावा नष्ट करवा दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानूप्रताप सिंह गहलोत, श्रवण कुमार वर्मा, सुरेंद्र कुमार, राकेश गोदारा शामिल थे। वहीं उरमूल डेयरी के एचडी ओमप्रकाश भोमी मौके पर उपस्थित थे। देखा जाए तो होली के मौके पर मिठाई की खपत ज्यादा हो जाती है। ऐसे में मिलावटी सामानों की खपत भी बढ़ जाती है। इसलिए लोगों से मिठाई खरीदते वक्त सजग रहने की भी सलाह दी जाती रहती है।



खाद्य सुरक्षा अधिकारी भानूप्रताप सिंह, श्रवण कुमार वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, राकेश गोदारा की टीम ने मिलावटी मावा के 405 टीन जब्त कर कार्रवाई की।

- **मिलावटी मावे की बड़ी खेप को फलौदी, बज्जू से पिकअप में डालकर बीकानेर पहुंचाया जा रहा था**

**सैम्पल फेल, चार फर्मों पर 2 लाख का जुर्माना :** दूध दही और मावा के सैंपल निम्न मानक सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर एडीएम प्रशासन कोर्ट ने सुनवाई करते हुए जिले की चार विभिन्न फर्मों पर कुल 2 लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया है। एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बताया कि दूध, दही और मावा के सैम्पल सब स्टैंडर्ड पाए जाने पर चार फर्मों पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 नियम 2011 की धारा 51 के तहत जुर्माना लगाया गया है। संबंधित फर्मों पर शास्ति लनाने से पूर्व सुनवाई की गई। एडीएम प्रशासन रामावतार कुमावत ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा पंचशती सर्किल स्थित मैसर्स रेस्टोरेंट मूमल पर लिए गया दही का सैम्पल सब स्टैंडर्ड मिलने पर 40 हजार का जुर्माना लगाया। इस रेस्टोरेंट पर दही की सप्लाई करने वाली फर्म पूगल रोड़ पर करणी इंडस्ट्रीयल एरिया के पास स्थित मैसर्स हीरालाल फूड्स प्राइवेट लिमिटेड पर 60 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है।

एडीएम प्रशासन ने बताया कि इसी प्रकार रानी बाजार इंडस्ट्रियल एरिया रोड़ पर एसबीआई बैंक के पास स्थित मैसर्स जय श्रीराम दूध भंडार पर लिए गए दूध और दही के सैंपल भी सब स्टैंडर्ड पाए गए। लिहाजा इस फर्म पर कुल 60 हजार का जुर्माना लगाया गया है। श्रीडूंगरगढ़ तहसील के करणीनगर में कालू रोड़ स्थित मैसर्स चौधरी मावा भंडार पर मावा सब स्टैंडर्ड मिलने पर 50 हजार रूपए का जुर्माना संबंधित फर्म पर लगाया गया है।

## नाबालिग से दुष्कर्म, दस साल की सजा

बीकानेर, (कासं)। एक सोलह साल की लड़की के साथ दुष्कर्म करने के मामले में अदालत ने एक युवक को दस साल की सजा सुनाई।

इस मामले में दो युवकों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए थे लेकिन एक को संदेह का लाभ देते हुए रिहा कर दिया गया लेकिन दूसरे पर आरोप सिद्ध होने पर दस साल की सजा सुनाई है। इतना ही नहीं एक लाख रूपए का अर्थदंड भी लगाया गया है। इस मामले में पीड़िता की ओर से सीनियर एडवोकेट ओ. पी. हर्ष ने पैरवी की।

बीकानेर शहर में ही रहने वाली एक सोलह साल की लड़की के साथ कुछ युवकों ने पहले नशीला पदार्थ खिलाकर अभद्र व अश्लील फोटो खींचे। इसके बाद लड़की को परेशान करना शुरू कर दिया। लड़की के साथ दुष्कर्म तक किया गया। इस मामले में योगेश पुत्र जयनारायण मेघवाल निवासी अमरसिंहपुरा को दोषी माना गया। पोक्सो कोर्ट के सेशन न्यायाधीश विश्वबंधु की अदालत ने उसे दोषी मानते हुए दस साल की सजा सुनाई गई है। उसे एक लाख रूपए अर्थदंड के रूप में भी जमा कराने होंगे। अर्थदंड नहीं देने की स्थिति में अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। अदालत ने विधिक सेवा प्राधिकरण से प्रतिकर के रूप में पीड़िता को छह लाख रूपए दिलाने के आदेश दिए हैं। सात लाख रूपए का भुगतान नाबालिग पीड़िता को किया जायेगा।

## सार-समाचार

### रोटरी प्रज्ञा रत्न अवार्ड से नवाजा



विधायक जेठानंद व्यास ने 40 विशिष्ट महिलाओं और 15 महिला संगठनों को रोटरी प्रज्ञा रत्न अवार्ड से सम्मानित किया।

बीकानेर, (कासं)। महिला दिवस के उपलक्ष में रोटरी क्लब बीकनेर रॉयल्स द्वारा स्व. गोमादेवी चेरिटेबल फाउंडेशन और नारी शक्ति वीमेन पावर, बीकनेर शाखा के सहयोग से रोटरी प्रज्ञा रत्न अवार्ड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब सचिव रोटे. सुनील चमड़िया ने बताया कि इस कार्यक्रम में शिक्षा, स्वास्थ्य, समाजसेवा, खेलकूद या किसी भी क्षेत्र में विशेष योगदान हेतु जिला उद्योग केन्द्र की महाप्रबंधक मंजू नैन गोदारा, सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल से प्रमुख डॉ सोनाली धवन, कृषि विश्वविद्यालय की डीन डॉ विमला डुकवाल सहित 40 विशिष्ट महिलाओं और 15 महिला संगठनों का सम्मान किया गया। क्लब अध्यक्ष रोटे. गोपाल अग्रवाल ने बताया कि विशेष योगदान देने की दिशा में वेट लिफ्टर रेखा आचार्य एवं नारी शक्ति की राष्ट्रीय अध्यक्षा शोभा चौधरी को स्व. श्रीमती गोमादेवी चमड़िया चेरिटेबल फाउंडेशन द्वारा नगद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। प्रकल्प संयोजक रोटे. डॉ सुनील गेरा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वरूप बीकनेर पश्चिम के विधायक जेठानंद व्यास, रोटरी के पूर्व प्रांतपाल और समाजसेवी राजेश चूरा, रोटे. अनिल माहेश्वरी, सहायक प्रांतपाल डॉ मनोज कुडी, मंजू नैन गोदारा, बीजेपी शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ एवं गोमादेवी चेरिटेबल संस्थान से अनिल चमड़िया, नारी शक्ति वीमेन पावर (बीकनेर शाखा) से राष्ट्रीय अध्यक्ष शोभा चौधरी,मधुर खत्री आदि मौजूद थे।

### मिनी आई.सी.यू. का उद्घाटन



एस.पी. मेडिकल कालेज प्राचार्य डॉ गुंजन सोनी ने श्वसन रोग विभाग के मिनी आईसीयू का उद्घाटन किया।

बीकानेर, (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के श्वसन रोग विभाग के लघु गहन चिकित्सा इकाई का उद्घाटन मंगलवार को प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी के कर कमलों द्वारा हुआ. 8 बैड के इस आईसीयू के शुरू होने से श्वसन रोग से जुड़े गंभीर मरीजों को काफी राहत मिलेगी। इस दौरान प्राचार्य डॉक्टर गुंजन सोनी ने सभी स्टाफ से मरीजों की सेवा तत्परता के साथ करने का आव्हान किया। साथ ही मरीजों को किसी भी तरह की कठिनाई तथा परेशानी नहीं हो इस बात विशेष ध्यान रखने के लिए स्टाफ को पाबंद किया। उल्लेखनीय है की करीब 15 माह पहले इस आईसीयू की छत गिरने के कारण इसे बंद किया गया था। प्राचार्य डॉ. सोनी के प्रयासों से आईसीयू को रिनोवेट करके पुनः शुरू करवाया गया। इस अवसर पर डॉ. माणक गुजराणी, डॉ. राजेन्द्र सौगत, डॉ. प्रमोद ठाकराल, डॉ. जे.के. खत्री, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट प्यारेलाल सांखला, आईसीयू प्रभारी पुष्पेन्द्र सिंह तथा सभी नर्सिंग अधिकारी उपस्थित थे।

### ठाकुरजी के संग खेली फूलों से होली

बीकानेर, (कासं)। शहर में जगहृजगह फागोत्सव मनाए गए। लोगों ने ठाकुरजी के संग फूलों और गुलाल से फाग खेली। सुजानदेसर स्थित अष्ट महालक्ष्मी, आदि गुरु शंकराचार्य मंदिर में धूमधाम से फाग उत्सव मनाया गया। मंदिर के अधिष्ठाता पंडित भाई श्री ने बताया कि मंदिर परिसर में 11 क्विंटल गुलाब के पुष्प और 11 किलो अलग-अलग तरह की रंग-बिरंगे गुलालों से फाग उत्सव मनाया गया। उत्सव के दौरान सबसे पहले महालक्ष्मी माता, आदि गुरु शंकराचार्य भगवान और आदि कमलेश्वर भगवान को होली खेलाई। उसके बाद राधा कृष्ण बने बालक बालिकाओं ने नृत्य किया। उत्सव का सभी ने आनंद लिया। वहीं गौड़ी पार्श्वनाथ जैन मंदिर में स्वामी नाथ महादेव के समक्ष फागोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। वैश्य समाज एवं जैन महात्मा समाज महिला मंडल अध्यक्ष धनलक्ष्मी जैन ने बताया कि महिला मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में महिलाओं ने फूलों की होली खेली। ढोल चंग के साथ महिलाओं ने पारम्परिक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा शहर अध्यक्ष सुमन छाजेड़ ने शिरकत की।

# पूर्व में वृंदावन कॉलोनी, पश्चिम में नाल गांव तक होगी निगम सीमा

बीकानेर, (कासं)। नगर निगम की सीमा बढ़ाने का निर्णय एक बार और हुआ। अब नाल पंचायत नगर निगम की सीमा में शामिल होगी। ये पश्चिम विधानसभा क्षेत्र का हिस्सा होगा। पूर्व विधानसभा में जयपुर रोड की वृंदावन कॉलोनी भी निगम सीमा में शामिल होगी। जोधपुर बाईपास से जोड़बीड़, उष्ट्र और अश्व अनुसंधान केन्द्र तक निगम की सीमा बनेगी।

दरअसल जब निगम ने जयपुर रोड पर नहर को निगम की सीमा तय किया था तो उसमें वृंदावन कॉलोनी रह गई थी। उन लोगों ने प्रदर्शन किया। कलेक्टर ने निगम अधिकारियों को हालात का जायजा लेने के लिए कहा। जयपुर रोड पर प्राइवेट कॉलोनी में वृंदावन सबसे विकसित कॉलोनी है। निगम अधिकारियों ने अब वृंदावन कॉलोनी को भी निगम सीमा में शामिल करने का निर्णय किया है। इसके साथ ही जोधपुर बाईपास पर जोड़बीड़ को भी निगम सीमा में ही शामिल कर लिया। यहां अब कैमल फार्म तक निगम की सीमा होगी। जैसलमेर रोड पर नाल ग्राम पंचायत और एयरपोर्ट भी निगम सीमा में शामिल होगा।

- **जोधपुर बाईपास पर जोड़बीड़ को भी निगम सीमा में ही शामिल कर लिया, यहां अब कैमल फार्म तक निगम की सीमा होगी**

निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने प्रस्ताव बनाने शुरू कर दिए। क्योंकि कलेक्टर खुद चाहती थी कि निगम सीमा का विस्तार हो और इसीलिए उन्होंने अधिकारियों को मौके का जायजा लेने के लिए कहा। निगम में ये इलाके शामिल होने के बाद शहर की आबादी करीब 20 हजार और बढ़ जायेगी। यानी अब शहर की आबादी तकरीबन 9 लाख के करीब हो जायेगी। नोखा रोड पर आबादी नहीं है। इसलिए वहां विस्तार नहीं किया गया।

श्रीगंगानगर रोड पर ज्यादातर आर्मी और सरकारी संस्थान है। इसलिए शामिल नहीं किया गया। हालांकि बीछवाल वाले इंतजार कर रहे थे कि उसे भी निगम में शामिल किया जाए।

कॉलोनाइजर्स को अब लीगली मजबूती मिल गई। कायदा होता है कि कॉलोनी विकसित होने के बाद उसकी एक यूनियन बनती है और वही उसकी देखरेख करती है। मगर अब कोई समस्या के लिए जायेगा तो कॉलोनाइजर्स उसे निगम के पास भेजेगा। निगम के दायरे में आने से जमीन-मकानों की दरों में भी इजाफा होगा। सुविधाएं विकसित कराने का दबाव अब कॉलोनाइजर्स की जगह सरकारी महकमों पर होगा। जो लोग अभी कॉलोनी को निगम में शामिल होने के लिए प्रदर्शन कर रहे थे। वही लोग अब सुविधाओं के लिए प्रदर्शन करेंगे। जबकि इनमें से कोई कॉलोनाइजर्स के पास नहीं गया कि मैंने भूखंड लिया तो सड़क, नाली, सीवरेज क्यों नहीं बनाई। जबकि शर्तों में वो शामिल था। ऐसे में निगम पर वित्तीय भार बढ़ेगा। 10 लाख की आबादी पर 100 वार्ड हो सकते हैं। अभी निगम में 80 वार्ड हैं।

## 78 लाख के कार्यों को मंजूरी

बीकानेर, (कासं)। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के तहत लगभग 78 लाख रूपए के नए कार्यों की अभिशंसा की है।

विधायक व्यास ने मुरलीधर व्यास नगर रोड स्थित सुथारों के मोहल्ले में सार्वजनिक श्मशान भूमि में चारदिवारी एवं बरामदा निर्माण के लिए 15 लाख रूपए, राजकीय मूलचंद उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में क्रिकेट खेल अभ्यास के लिए दो ट्रफ क्रिकेट पिच, क्रिकेट अरेना व ट्रफ क्रिकेट पिच निर्माण के लिए 7 लाख 70 हजार एवं खेल मैदान में डेढ टन स्वचालित पिच रोलर के लिए 4 लाख 98 हजार, धरणीधर स्वामियों का मोहल्ले में सार्वजनिक श्मशान में हॉल मय रसोई निर्माण के लिए 15 लाख , वार्ड नंबर 5 कुम्हारों का मोहल्ला भीनाशहर में सार्वजनिक वाचनालय के लिए 10 लाख, वार्ड नंबर 58 रघुनाथसर कुंआ भारतीय आदर्श विद्या मंदिर में 20 कंप्यूटर मय फर्नीचर लैब, पांच स्मार्ट बोर्ड, कक्षा कक्ष में फर्नीचर निर्माण के लिए 10 लाख, वार्ड नंबर 62 नवलपुरी मठ के पीछे श्मशान भूमि में हाल एवं स्नान घर के लिए 15 लाख रूपए की अभिशंसा की है।

## एम.एस.पी. पर सरसों-चना खरीद की मांग

श्रीगंगानगर, (कासं)। श्रीकरणपुर के किसानों ने सरसों और चना की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य पर करने की मांग की है। इसे लेकर तहसीलदार गिरधारी लाल को अपनी मांगों का ज्ञापन सौंपा।

किसानों ने गेहूं की खरीद 1 अप्रैल से शुरू करने की मांग की है। उन्होंने गेहूं खरीद में जनाधार कार्ड की अनिवार्यता खत्म करने की भी मांग रखी। किसानों का कहना है वर्तमान में इन फसलों की खरीद प्रक्रिया जटिल हो गई है जो सही नहीं है।

किसानों ने 25 क्विंटल की सीमा हटाने की मांग की। उनका कहना है कि उन्हें इकाई मानकर पूरी उपज खरीदी जाए। रबी फसलों की बुवाई के लिए नहरों में पर्याप्त पानी की मांग भी की गई। गंगनहर बंदी के दौरान पंजाब पोर्शन में बीकानेर कैनाल की सफाई की मांग भी रखी गई।

किसानों ने मई माह में खरीफ फसलों के लिए गंगनहर में 2500 क्यूसेक पानी देने की मांग की। इससे फसलों को समय पर पर्याप्त पानी मिल सकेगा और किसान अपनी अगली फसल की बुवाई के लिए तैयार हो सकेंगे। इसके अलावा उन्होंने भाखड़ा प्रणाली में नहरबंदी के दौरान खरीफ फसलों के बीजान के लिए सरहिन्द फीडर से पानी उपलब्ध कराने की मांग की ताकि खरीफ फसल के बीजान में कोई परेशानी न हो।

- **किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर गेहूं की खरीद जल्द शुरू करने की मांग**
- **किसानों ने 25 क्विंटल की सीमा हटाने की मांग की**

किसानों ने इन सभी मांगों को लेकर तहसीलदार गिरधारी लाल को ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी कि अगर इन मांगों पर जल्दी कार्रवाई नहीं की जाती है तो वे मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनायेंगे। इस अवसर पर कई किसान नेताओं और स्थानीय किसानों ने भी अपनी आवाज उठाई और सरकार से तत्काल समाधान की अपील की।

## नोखा में चंग की थाप पर रसियों का धमाल

नोखा, (कासं)। होली के त्योहार की रौनक बढ़ने लगी है। शहर के विभिन्न चौक-मोहल्लों में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। परंपरा और आधुनिकता का संगम इस बार की होली को खास बना रहा है।

फाग मस्ताना ग्रुप की ओर से संतोषी चौक प्रांगण में पिछले तीन दिनों से चंग धमाल का कार्यक्रम चल रहा है। ग्रुप के राधेश्याम राठी और पवन लाहोटी ने बताया कि कार्यक्रम में पारंपरिक होली गीतों पर रसिये जमकर नाच रहे हैं। कार्यक्रम रात 8:30 बजे से शुरू होकर देर रात तक चलता है। अंकित तोषनीवाल और राजू राठी ने बताया कि महिलाओं के लिए अलग से बैठने की व्यवस्था की गई है। इससे मातृशक्ति की भागीदारी बढ़ी है।

- **संतोषी चौक में तीन दिनों से चंग धमाल का कार्यक्रम**

कार्यक्रम में पवन लाहोटी ने 'बाबा श्याम के दरबार मची रे होली..' और घनश्याम बिश्नोई ने 'ओ दे गयो कागज पोस्टमैन म्हारा पिव घर आवे जी.. गीत प्रस्तुत किए। पार्षद अंकित तोषनीवाल ने 'ननदोई जी सुता है रंग महला में' गाया। मोहित सोनी, शुभम सोनी, कुशाल चाण्डक समेत कई युवाओं ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम में हुक्मीचंद बजाज, गौरीशंकर करनानी, माणकचंद सोनी, मूलचंद राठी, राजू राठी, पवन लाहोटी मौजूद थे।

## आयुक्त ने सफाई व्यवस्था जांची

श्रीगंगानगर,(कासं)। नगर परिषद आयुक्त रजत यादव ने मंगलवार सुबह शहर की सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सुबह 7:30 बजे से 11 वार्डों और नाला गैंग का दौरा किया।

निरीक्षण के दौरान वार्ड नंबर 18, 59, 60 और नाला गैंग में सफाई निरीक्षक गैर मौजूद मिले। इन क्षेत्रों में सफाई कार्य में भी कमियां पाई गई। आयुक्त ने संबंधित कर्मचारियों को नोटिस जारी किए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ या कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं मिले, तो सीसीए नियमों के तहत कार्रवाई की जायेगी। आयुक्त ने सभी सफाई निरीक्षकों को कड़े निर्देश दिए। उन्हें सुबह-शाम की पारी में शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने को कहा है।

## होली पर तीन शताब्दी से हर्ष-व्यासों के बीच जलयुद्ध

बीकानेर, (कासं)। यहां होली पर तीन शताब्दी से चला आ रहा जलयुद्ध शुरू हो गया है। यह दो जातियों के बीच संबंधों को मजबूत करने के लिए हर होली पर आयोजित किया जाता है। दो घंटे तक चलने वाले इस युद्ध में एक दूसरे पर पानी की बौछार मारी जाती है।

हर्षों के चौक में हर्ष और व्यास जाति के युवा एक-दूसरे की पीठ पर पानी से भरी डोलची से वार करेंगे। पीठ पर इतनी जोर से पानी फेंका जाता है कि सामने वाली की चमड़ी लाल हो जाती है। इसके बाद भी दोनों वार करके एक-दूसरे के गले लगाते हैं। आयोजन से जुड़े गिरिराज हर्ष ने बताया कि इस खेल के बाद दोनों जातियों के लोग गेवर निकालेंगे। गुलाल उछालकर खेल के समापन की सांकेतिक घोषणा की जाती है। व्यास जाति की ओर से पंच मक्खन व्यास व्यवस्था को संभालते हैं। पिछले 300 साल से बीकानेर के हर्षों के चौक में ये खेल हो रहा है। इसके लिए सड़क पर ही पानी के बड़े कड़ावे रखे जाते हैं, जिसमें टैंकरों से पानी भरा जाता है।

- **पीठ पर पानी की डोलची से पानी की मार, हर वार का आनंद लेते हैं हर्ष और व्यास समाज के लोग**

सारे टैंकर भरने के बाद दोनों जाति के युवा अपनी-अपनी डोलची लेकर पहुंचते हैं। इस डोलची में पीछे ग्लास की तरह गोल हिस्सा होता है लेकिन आगे जाकर ये नुकीला हो जाता है।

पानी भरने के बाद इसी डोलची से एक-दूसरे की पीठ पर जोर से वार किया जाता है। कुछ लोग इस दिन अतिरिक्त कपड़े पहनकर पहुंचते हैं ताकि वार का असर कम हो लेकिन कुछ युवा बिना बनियान पहने भी पहुंचते हैं ताकि सामने वाले को वार करने का पूरा आनन्द आ सके। हर्ष और व्यास जाति के बच्चों से बुजुर्ग तक इस मौके पर उपस्थित रहते हैं। युवाओं के साथ बच्चे और बुजुर्ग भी जमकर पानी से वार करते है।

## बच्चे को किया पिता के सुपुर्द

बीकानेर, (कासं)। सौर चेतना एवं ऊर्जा विज्ञान शोध संस्थान द्वारा संचालित सेवा आश्रम-2 विमंदित पुनर्वास गृह में निवासित विशाल को मंगलवार को पिता रघुवीर सिंह के सुपुर्द किया गया।

बालक विशाल को 6 मार्च को बाल कल्याण कल्याण समिति अध्यक्ष एवं सदस्य के आदेश से सेवा आश्रम में प्रवेश दिया गया था। उसे मंगलवार को पिता रघुवीर सिंह निवासी दिल्ली को सुपुर्द किया गया। संस्था के अथक प्रयासों से अभी तक 60 बालक व महिला का घर में पुनर्वास किया था।


प्रारूप-10, [ नियम 6 (7) देखिए ]

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़**

क्रमांक: 2482 **लोक सूचना** दिनांक: 10/03/25

मैसर्स भाटिया आश्रम प्राईवेट लिमिटड पंजीकृत कार्यालय मार्फत वार्ड नंबर 02, प्लॉट नंबर 62, नजदीक सैकर्ड हार्ट कॉन्वेंट स्कूल, सूरतगढ़ श्रीमती कंचन भाटिया पत्नी श्री प्रवीण कुमार भाटिया निवासी म.नं. 2/386, वार्ड नंबर 10, पुरानी आरएचबी कॉलोनी, सूरतगढ़ कि नीचे अभिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया हैं, अर्थातः - **जिले सहित तहसील का नाम-** तह0 सूरतगढ़ जिला श्रीगंगानगर, **ग्राम का नाम-** चक अमरपुरा जाटान, **भूमि स्थान-** चक अमरपुरा जाटान तहसील सूरतगढ़ के मुरब्बा नं. 16 पत्थर नं. 56/381 किला नं. 21/0.1016 है0 (दक्षिणी-पूर्वी), 22/0.1070 है0 (दक्षिणी पासा), 23/0.1070 (दक्षिणी पासा) है0, 24/1/0.1070 है0 (दक्षिणी पासा), 25/1/0.0657 है0 (दक्षिणी पासा) = 0.4883 है0 बारानी व मुरब्बा नं. 30 पत्थर नं. 57/382 किला नं. 5/1/0.1922 है0 (दक्षिणी-पूर्वी पासा) = 0.1992 है0 बारानी व मुरब्बा नं. 29 पत्थर नं. 56/382 किला नं. 1/1/0.2143 है0, 2/1/0.2150 है0, 3/1/0.2150 है0, 4/1/0.2150 है0, 5/3/0.1322 है0 =0. 9915 है0, **क्षेत्र** - कुल 1.672 है0 यानि 16720 वर्गमीटर, इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90 क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10/03/25 को जारी की गयी।

**- प्राधिकारी अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ़**


# गणेश मन्दिर में फागोत्सव, गुलाल, इत्र व पुष्कर से मंगाये फूलों से महका पंडाल

बीकानेर, (कासं) कोटगेट सट्टा बाजार स्थित श्री ब्राह्मण स्वर्णकार गणेश मन्दिर ट्रस्ट की ओर से मंगलवार को प्रात: 11 बजे से मन्दिर परिसर में श्री गणेश फाग उत्सव में विभिन्न धार्मिक आयोजन हुए।

मन्दिर ट्रस्टी रामस्वरूप सोनी बताया कि श्याम सोनी, मधु सोनी, ममता चावला एण्ड पार्टी ने फाग होली गीत व भजन सुनाकर मन्दिर परिसर पूरा भक्तिमय हो गया। महिलाएं-युवतियों ने जमकर नृत्य किया। सोनी ने बताया कि दोपदर 12 बजे पुजारी शंकर सेवग ने भगवान गणेश की विशेष पूजा अर्चना की प्रबन्धन मण्डल के सदस्य कुंदन सोनी, मनसाराम सोनी, राजेश सोनी, निलेश सोनी, बालमुकुंद सोनी, गौरीशंकर सोनी, सुरेश सोनी, हरिशंकर सोनी ने भगवान की पूजा में शामिल होकर इत्र, गुलाल व पुष्कर से मंगाये 200 किलो पुष्प वर्षा के साथ गणेशजी को फाग खेलाई। फाग उत्सव के बाद महा आरती व सभी भक्तों ने राबडिया का प्रसाद वितरण किया।



बीकानेर के गणेश मंदिर में आयोजित फागोत्सव में महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर महिलाओं- युवतियों ने जमकर नृत्य किया।

खतुरिया कॉलोनी के मन मंदिर व विश्वकर्मा गेट के बाहर स्थित राम मंदिर परिसर में सोमवार को फागोत्सव फाग भक्ति गीत व नृत्यों के साथ मनाया गया। राम मंदिर में मंगलवार को भी दोपहर बारह बजे से शाम चार बजे तक फागोत्सव मनाया जायेगा। जिसमें मुख्य कलाकार मास्टर नानू (बर्फानी बाबा) भक्ति गीत प्रस्तुत करेंगे। खतुरिया कॉलोनी के मन मंदिर में हुए फागोत्सव में ठाकुरजी को गुलाल, इत्र व अबीर से होली खेलाई गई। मंदिर के संस्थापक रेखा व सुरेश गुप्ता के नेतृत्व में महिलाओं ने विभिन्न राग व तर्जों पर फाग के गीत प्रस्तुत किए। भगवान कृष्ण, करणी माता, हनुमानजी व भगवान शिव की प्रतिमाओं पर विशेष श्रृंगार किया गया। मन मंदिर के उत्सव में शास्त्रीनगर, ड्यूप्लेक्स कॉलोनी, व्यास कॉलोनी, शिवबाड़ी की महिलाओं ने हिस्सा लिया।

- **पुष्कर से मंगाये 200 किलो पुष्पों से गणेशजी को फाग खेलाई**

## भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण

बीकानेर, (कासं)। डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय एवं सुमंगल जन कल्याण ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार से तीन दिवसीय व्यवसायिक भेड़ एवं बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभांरभ राजुवास में किया गया।

इस कार्यक्रम में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर, चूरू और बीकानेर जिलों से आये 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे डेयरी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता प्रो. राहुल सिंह पाल ने कहा कि आज के समय में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए आत्मनिर्भर आवश्यक है। भेड़-बकरी पालन न केवल रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सकता है बल्कि इससे जुड़ी सहायक सेवाओं जैसे दुग्ध उत्पादन, ऊन उद्योग और जैविक खाद्य उत्पादन के माध्यम से आय के नए स्त्रोत विकसित किए जा सकते हैं। सुमंगल जन कल्याण ट्रस्ट के गजेन्द्र सिंह और यतीश बेदी ने अतिथियों का स्वागत किया।


**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- uit_sgnr@yahoo.com Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 10.3.2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना रिद्धि-सिद्धि प्लेटिनम चक 2 एमएल मुरब्बा नं. 56 के किला नं. 11, 12 में माप 50 इन्टू 90 फीट भूखण्ड संख्या बी-06, का पट्टा संख्या 10880 दिनांक 24.02.2021, किला नं. 19, 20 में माप 50 इन्टू 90 फीट भूखण्ड संख्या बी-08 का पट्टा संख्या 10954 दिनांक 12.3.2021 किला नं. 11 में माप 50 इन्टू 90 फीट भूखण्ड संख्या सी-06, पटटा संख्या 10881 दिनांक 24.02.2021 एवं किला नं. 11, 12, 19, 20 में माप 50 इन्टू 90 फीट भूखण्ड संख्या बी-07 का पट्टा संख्या 10953 दिनांक 12.03.2021 को गणपति बिल्डर्स जरिये पार्टनर श्री राजेश शर्मा पुत्र श्री नत्थूराम शर्मा के नाम से जारी किया हुआ है। फर्म द्वारा अपनी फर्म का नाम गणपति बिल्डर्स से जरिये पंजीबद्ध दस्तावेजों को बदल कर गणपति भारत प्राइवेट लिमिटेड कर अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पटटे का समर्पण कर भूखण्ड की लीज हस्तान्तरित करवाते हुए फी होल्ड पटटा जारी किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

Rajkaj Ref. No. 14086789 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

**राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)**

Telefax No. 0154-2466652, Email :- SECYUIT.SGNR@RAJASTHAN.GOV.IN Off. Add:- UIT Office, Model Town, Sri Ganganagar (Raj.) 335001

क्रमांक :- नियमन/2025/3710 **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 11.3.2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हेमंत कुमार पुत्र श्री सगन लाल निवासी 30 एकता कॉलोनी, श्रीगंगानगर के द्वारा न्यास क्षेत्र में स्थित आवासीय भूखंड का न्यास रिकार्ड में नामान्तरण हेतु आवेदन किया गया है। उक्त भूखंड के सम्बन्ध में न्यास रिकार्ड एवं आवेदक के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज की स्थिति निम्नानुसार है :-

| न्यास रिकार्ड के अनुसार भूखंड का विवरण | | आवेदक के द्वारा भूखंड के नामांतरण हेतु प्रस्तुत दस्तावेजों का विवरण |
|---|---|---|
| भूखण्ड का विवरण | मूल भूखण्डधारी | दस्तावेज का विवरण |
| चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 16 किला नं. 5,6 भू.सं. ए-30, माप 25 इंटू 40 फीट, एकता कॉलोनी, श्रीगंगानगर | उक्त भूखंड का नियमन पट्टा सं. 786 दिनांक 25.1.2001 को श्रीमती प्रकाश देवी पत्नी श्री शगन लाल के नाम से जारी किया हुआ है। | श्री हेमंत कुमार द्वारा उक्त भूखंड को जरिये पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 13.8.2020 के द्वारा प्राप्त कर उक्त नामान्तरण हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। |

इस प्रकार उक्त भूखण्ड के सम्बन्ध में उपर्युक्तानुसार दस्तावेजों की प्रति इस कार्यालय में प्रस्तुत कर नामान्तरण चाहा गया है इस संबंध में श्री हेमंत कुमार पुत्र श्री सगन लाल निवासी 30 एकता कॉलोनी, श्रीगंगानगर द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज के संबंध में कोई आपत्ति है तो सूचना के प्रकाशन के 07 दिवस में पुख्ता दस्तावेजों सहित अपनी आपत्ति/उजर दावा निम्न हस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है। उक्त अवधि के दौरान इस भूखण्ड से सम्बन्धित समस्त दस्तावेजों को आमखास हितबद्ध व्यक्ति के देखने व पढ़ने के लिये कार्यालय समय में खुला रखा गया है। बाद मियाद प्रकरण का निस्तारण कर दिया जायेगा एवं कोई आपत्ति/उजर स्वीकार नहीं होगा।

आवेदन संख्या :- SGNR/FY24-25/MUT/1462 - सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

